# बरसात शुरू होते ही गुणवत्ता की खुल रही पोल, उखड़ने लगी सड़कें

## हाइवे सहित पीडब्ल्यूडी की सड़कों में गढ्डे, शहर की माडल रोड़ में भी गढ्डे

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, बरसात शुरू होते ही सड़को के गुणवत्ता की पोल खुलने लगी है. परफार्मेंस गारंटी में जो सड़के है उनके भी परखच्चे उड़ने लगे है. गढ्डो में तब्दील सड़क अब हादसों का कारण बन रही है. 100 करोड़ से अधिक की लागत से बनी चोरहटा-रतहरा माड़ल सड़क भी उखड़ने लगी है. इसके साथ शहर को जोड़ने वाली अन्य सड़के भी गढ्डो में तब्दील हो रही है.**





गौरतलब है कि झमाझम बारिश का दौर अभी शुरू हुआ है और सड़को की हालत खराब होने लगी है. गुणवत्ता से समझौता कर बनाई गई सड़कों में अब गढ्डे ही गढ्डे नजर आ रहे है. शहर के बीच से गुजरने वाली माडल सड़क में कई जगह गिट्टी उखड़ गई है जहा पर पैचवर्क लगाया गया था और अब पानी गिरने पर कई जगह गिट्टी निकल कर बाहर चली गई है लिहाजा गढ्डे बन गये है. यह सड़क परफार्मेंस गारंटी में है ठेकदार कमी छिपाने के लिये गढ्डो में डामर की लेप कर चुका है. 14 किलो मीटर की कंक्रीट सड़क में सैकड़ो जगह डामर का पैच लग चुका है. चोरहटा थाने के पास सड़क उखड़ चुकी है इसी तरह गोड़हर मोड़ के पास सड़क धस गई है और गढ्डो में से वाहन निकल रह है कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है. दरअसल इसके नीचे सीवर लाइन है अगर मरम्मत नही हुई तो कभी भी कोई वाहन समा सकता है. माडल सड़क के अलावा रेलवे आरओबी का सफ्रेस उखड़ गया है और पुल के ऊपर गढ्डे ही गढ्डे दिखाई देने लगे है. इसी तरह समान फ्लाई ओवर और कालेज चौराहा फ्लाई ओवर में भी गढ्डे बन गये है. रीवा-गोविंदगढ़ मार्ग, रीवा-बनकुइयां मार्ग, रीवा-सिरमौर, रीवा-गड्डी मार्ग एवं तमरा-मुकुन्दपुर जाने वाले मार्ग में भी गढ्डे हो गये है. चके धसने पर ट्रक आदिवासी वाहन फस रहे है.

**मरम्मत के लिये लग रहे टेंडर: एसडीओ** -लोक निर्माण विभाग उप संभाग क्रमांक एक की एसडीओ ओ.एन मिश्रा ने बताया कि शहर की जो भी सड़के बरसात में खराब हो गई है या गढ्डे हो गये है. उनके मरम्मत के लिये टेंडर लगाए जा रहे है और कई सड़के शहर की परफार्मेंस गारंटी पर है जिसका मरम्मत कार्य ठेकेदार करेगें उन्हे निर्देशित किया गया है. कई जगह पैचवर्क का काम हो भी रहा है. इसके अलावा जो भी सड़के वर्षाकाल के दौरान खराब होगीं उनका मरम्मत कार्य कराया जाएगा.

# बैकुण्ठपुर पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ दो युवक को किया गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, जिले में नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है. बैकुण्ठपुर पुलिस ने दो युवको को गिरफ्तार कर उनके पास से ब्राउन शुगर एवं नशीली कफ सिरप बरामद की है. मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बैकुण्ठपुर पटना रोड से दो युवक बिना नंबर काले रंग की मोटर सायकल से अवैध मादक पदार्थ लेकर जा रहे है.**

सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा ग्राम महत के पास सड़क पर घेराबंदी कर युवको को दबोचा गया. पूंछताछ के दौरान विवेक विश्वकर्मा निवासी बैकुण्ठपुर एवं सुमित विश्वकर्मा ग्राम नेबूहा का होना बताया. युवकों की तलाशी लेने पर करीबन 1.02 ग्राम ब्राउन शुगर एवं बीच में रखे हुये प्लास्टिक के थैले में 17 नग नशीली कप सीरप को मौके से बरामद किया गया. ग्राम ब्राउन शुगर की कीमती करीबन 10000/-रूपये एवं नग नशीली कप सीरप कीमती करीबन 5000/- आकी गई है. युवको के कब्जे से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर एवं नशीली कप सीरप को बरामद करने के उपरांत दोनो युवकों को गिरफ्तार किया गया.

रीवा में तेजी से नशे का कारोबार फैलता जा रहा है. अब यहा ब्राउन शुगर के साथ आरोपी पकड़े जा रहे है. जबकि नशे के खिलाफ लगातार अभियान चल रहा है. बावजूद इसके नशे के कारोबार में अंकुश नही लग रहा है. जिले के हर थाना क्षेत्र अन्तर्गत नशे के कारोबार पकड़े जा रहे है, बाहर से नशे की खेप पहुंच रही है.


### नशीली कफ सिरप के साथ दो गिरफ्तार

थाना समान में नई पदस्थापना के साथ ही निरीक्षक आशीष मिश्रा ने नशे के कारोबारियों पर बड़ा प्रहार किया है. पदभार संभालते ही उन्होंने 118 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक स्कूटी में 2 व्यक्ति काले रंग के बोरे में अवैध नशीली कफ सिरप लेकर जा रहे हैं. सूचना मिलते ही निरी. आशीष मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया. तलाशी में आरोपियों के कब्जे से 118 शीशी नशीली कफ सिरप बरामद की गई. पुलिस ने मौके से स्कूटी भी जब्त कर ली. पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ धारा 8, 21, 22, 25, 29 एन.डी.पी.एस. एक्ट एवं 5/13 म.प्र. औषधि नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है. दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है. पुलिस अब इनसे अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ कर रही है.

# कलश स्थापना के साथ दो दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, औघड़ दास बाबा की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर आगामी 9 और 10 जुलाई को दो दिवसीय आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है.**



जहां क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए जप, तप और हवन किए जाएंगे, वहीं बाबा की पावन स्मृति में उनकी एक भव्य एवं दिव्य मूर्ति स्थापना हेतु भूमि-पूजन भी संपन्न होगा. धार्मिक आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं और बाबा जी के भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है. दो दिवसीय अनुष्ठान की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. आयोजन के पहले दिन यानी 9 जुलाई को प्रातः 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक वैदिक मंत्रोचार के बीच पावन कलश की स्थापना की गई. इसके पश्चात क्षेत्र के कल्याण के लिए विशेष शिव पूजा-पाठ, जप एवं तप का क्रम अनवरत चला. महोत्सव के मुख्य दिन यानी 10 जुलाई को श्री औघड़ दास बाबा की भव्य-दिव्य मूर्ति स्थापना के लिए विधि-विधान से भूमि-पूजन किया जाएगा. इसके साथ ही शिव भजनों की अमृत वर्षा की जाएगी. दोपहर 1:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक महाप्रसाद बांटा जाएगा.

# चंदा चोरी को लेकर महिला कांग्रेस ने किया सुंदरकांड

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, अयोध्या राम मंदिर में चढ़ावा चोरी को लेकर महिला कांग्रेस द्वारा बोदाबाग स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड एवं एक दिवसीय उपवास कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने का ज्ञापन विश्वविद्यालय थाने को सौंपा.**

जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस सीमा सिंह एवं प्रदेश सचिव तारा त्रिपाठी के नेतृत्व में सुंदरकांड का पाठ किया गया और चंदा चोरी पर नाराजगी जताते हुए निंदा की गई. कांग्रेसजनों ने प्रभु श्रीराम मंदिर के चढ़ावा चोरी प्रकरण की घोर निंदा करते हुए कहा कि यदि इस मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच कराई जाए तो अरबों-खरबों रुपये के चंदे में हुई कथित अनियमितताओं का खुलासा हो सकता है.

## संक्षिप्त

### संभागीय समीक्षा बैठक आज

**रीवा,** कमिश्नर कार्यालय सभागार में 10 जुलाई को सुबह 11 बजे से संभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की जा रही है. बैठक में कमिश्नर शीलेन्द्र सिंह ऊर्जा विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जनजातीय कार्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा करेंगे. सभी संबंधित अधिकारियों को अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं.

### तिरंगा पतंग मेला 15 अगस्त को

**रीवा,** हिन्दू धर्म परिषद ने इस वर्ष 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को यादगार बनाने स्थानीय ठा0 रणमत सिंह महाविद्यालय के प्रांगण में रिदम म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा देश भक्ति के तारानो की प्रस्तुतियों के साथ तिरंगा पतंग मेला आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया है. जिसमें नगर के पतंगबाजों के साथ विभिन्न सामाजिक संस्थाओं अखिल भारतीय ब्राहमण महासभा, ब्रहमाकुमारी कला-संस्कृति प्रभाग शांतिधाम, कलम परिवार एवं स्वतंत्रता संग्राम उत्तराधिकारी संगठन को भाग लेने आमंत्रित किया जायेगा. हिन्दू धर्म परिषद के संस्थापक नारायण डिगवानी मार्गदर्शक डॉ0 सी0बी0शुक्ला, डॉ0 के0के0परौहा, डी.पी.सिंह परिहार, डॉ0 ज्योति सिंह, पन्नालाल अवस्थी, जगजीवनलाल तिवारी, अवधेश श्रीवास्तव के साथ विचार विमर्श करके अध्यक्ष ऋषिशंकर मिश्रा संयोजक सुमित मॉजवानी, सहसंयोजक उमेश कुशवाहा ने आयोजन कराने की घोषणा की है जिसकी तैय्यारियॉ भी प्रारंभ कर दी है.

### निगरानी समिति की बैठक 11 को होगी

**रीवा,** सांसद लोकसभा क्षेत्र रीवा जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में 11 जुलाई को प्रात: 11.30 बजे से मोहन सभाकक्ष कलेक्टर कार्यालय रीवा में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई है. आयोजित बैठक में एजेण्डावार समीक्षा की जाएगी. साथ ही कार्यो की जानकारी अधिकारियों से बैठक में ली जाएगी. कलेक्टर रीवा ने उक्त बैठक में सभी पदाधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं.




### गुढ़ बस स्टैंण्ड में ठेला के चलते यातायात व्यवस्था ठप्प

**गुढ़,** गुढ़ बस स्टैंड में इन दिनों सड़क पर ठेले लगाकर व्यापार किए जाने के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित होती दिखाई दे रही है. बस स्टैंड के मुख्य मार्ग पर ठेले खड़े होने से बसों एवं अन्य वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है. स्थानीय वाहन चालकों का कहना है कि जब एक बस के पीछे दूसरी बस आ जाती है, तो सड़क पर पर्याप्त जगह नहीं बचती, जिससे जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है. इससे यात्रियों और वाहन चालकों दोनों को असुविधा का सामना करना पड़ता है. वाहन चालकों का सुझाव है कि यदि ठेलों को सड़क के नीचे निर्धारित स्थान पर लगाया जाए, तो बसों के आने-जाने में आसानी होगी और यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहेगी. वाहन चालकों एवं स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या पर ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई करने तथा बस स्टैंड की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित बनाने की मांग की है. उनका कहना है कि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में यातायात व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो सकती है.

### रीवा से धरना देने भोपाल जाएगे पेंशनर

**रीवा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसियेशन म.प्र. भोपाल के आव्हान पर आगामी 22 जुलाई को प्रदेश भर से हजारों की संख्या में पेंशनर्स भोपाल के अम्बेडकर पार्क मैदान माता मंदिर के पास धरना आन्दोलन में सम्मिलित होंने की तैयारी कर रहे है. इस संबंध में रीवा जिले के संघ कार्यालय कोठी कम्पाउण्ड में पेंशनरों की बैठक हुई. जिसमें तैयारी को लेकर चर्चा की गई और 21 जुलाई को रेवांचल ट्रेन से पेंशनर भोपाल के लिये रवाना होगे.

# बसों का किराया लेने एसोसियेशन ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, बस एसोसिएशन के द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित कराए जाने वाले कार्यक्रमों और रैलियों में अधिग्रहित की जाने वाली बसों का तकरीबन 1 करोड़ से अधिक किराया दिलाए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन पत्र सौपा गया है.**

ज्ञापन पत्र मे प्रमुख रूप से उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए बसों के लंबित भुगतान कराए जाने की मांग की गयी. दरअसल बस ओनर्स एसोसिएशन, रीवा द्वारा शासकीय चुनाव कार्यों, रैलियों एवं अन्य शासकीय कार्यक्रमों में निर्धारित अवधि हेतु बसें अधिग्रहण पर उपलब्ध कराई गई थीं. वर्ष 2022 से आज दिनांक तक कुल 26 कार्यक्रमों और रैलियों का भुगतान लंबित है. हलाकि लंबित भुगतान को लेकर संगठन द्वारा कई बार संबंधित विभागों एवं कार्यालयों में आवेदन प्रस्तुत किया गया.

# बरसात में अतिक्रमण हटाने की सुध आई नगर निगम को

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, बरसात में नगर निगम द्वारा सड़को पर किये गये अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही शुरू कर दी है. गुरूवार को अस्पताल चौराहा, धोबिया टंकी चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण हटाने के साथ चालान की कार्यवाही की गई.**



बरसात शुरू होते ही नगर निगम को अस्थाई अतिक्रमण हटाने की सुध आई है. नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए सड़क एवं सार्वजनिक स्थलों को अतिक्रमणमुक्त कराया गया साथ ही ठेला एवं गुमटी जब्त कर ली गई. संबंधितो को सख्त चेतावनी दी गई कि मेडिकल कॉलेज परिसर के आसपास अथवा सड़क की पटरी पर पुन: किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी.

इसके अलावा नगर निगम के अतिक्रमण दल द्वारा वार्ड क्रमांक 4 के चोरहटा बायपास क्षेत्र में टाटा एजेंसी के समीप अस्थायी रूप से निर्मित झुग्गी-झोपड़ी को हटाया गया तथा सर्विस रोड पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को भी हटाकर आवागमन सुचारू कराया गया. वहीं न्यू बस स्टैंड के आसपास ठेला एवं गुमटी संचालकों को व्यवस्थित करते हुए सड़क की पटरी से अतिक्रमण हटाया गया.

# मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल ने डाक सेवाओं की समीक्षा की

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, रीवा डाक संभाग अंतर्गत ग्राम रौसर में 30 शाखा डाकघरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.**




बैठक में विनीत माथुर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मध्यप्रदेश परिमण्डल भोपाल एवं अजेय सिंह निदेशक डाक सेवाएं परिक्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर उपस्थित रहे. बैठक में शाखा डाकघरों के कार्य निष्पादन, डाक बैकिंग सेवाओं, आधार सेवाओं, डाक जीवन बीमा, ग्रामीण डाक जीवन बीमा, तथा अन्य प्रमुख विभागीय गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई. मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, मध्यप्रदेश परिमण्डल भोपाल द्वारा सभी शाखा डाकपालों एवं कर्मचारियों को आगामी माह में निर्धारित विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु समर्पित भाव से कार्य करने तथा जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया. बैठक में एस.के. पाण्डेय, सहायक निदेशक बचत बैंक एवं ग्राहक संतुष्टि भोपाल, इन्द्र कुमार लिल्लाहरे सहायक निदेशक जबलपुर, अमित पाण्डेय सहायक निदेशक जबलपुर, प्रदीप कुमार खरे अधीक्षक डाकघर, आर.पी शर्मा, सहायक अधीक्षक डाकघर, विनोद कुमार मौजूद रहे.

# शिविर लगाकर वितरित किया जाएगा नि:शुल्क सहायक उपकरण

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 9 जुलाई, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के सहयोग से जिले में 13 से 15 जुलाई तक नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित किए जाएगे.**

शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने शिविर की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने कहा कि शासन दिव्यांगजनों के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है और यह शिविर उनके जीवन को सुगम एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है. सभी से लाभ लेने की अपील की गई है.




# कबाड़ गाड़ियों के सहारे शहर में चल रहा कचरा उठाने का काम

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, शहर में स्वच्छता अभियान कागजों में ही नजर आ रहा है. जगह-जगह शहर के अंदर कचरे का ढ़ेर दिखाई देता है. कचरा उठाने के लिये नगर निगम रैमकी कम्पनी को हर महीने 83 लाख का भुगतान करता है. बावजूद इसके कबाड़ हो चुकी गाड़ियों के सहारे कचरा उठाने का काम चल रहा है.**

कई मोहल्लो में सुबह कचरा गाड़ी पहुंचती ही नही है. सप्ताह में दो या तीन दिन पहुंचती है. लिहाजा मोहल्ले के लोग सड़क पर ही कचरा डाल देते है. पिछले कई साल से रैमकी कम्पनी कचरा उठाने का काम कर रही है. आये दिन गाड़ियां खराब होती रहती है. मरम्मत न कराने के कारण आधे रास्ते पर ही गाड़ियां जवाब दे जाती है. नगर निगम हर महीने कंपनी को 83 लाख रुपये भुगतान कर रहा है. एग्रीमेंट के तहत 7 साल बाद कंपनी को वाहन बदलने थे, लेकिन आज तक एक भी नई गाड़ी नहीं आई. 66 कचरा वाहनों में से 40 खराब पड़े हैं, सिर्फ 20 रिपेयर होकर चल रहे हैं. खराब गाड़ियों के कारण समय पर कचरा नहीं उठ पा रहा. सफाईकर्मी धक्का लगाकर या दूसरी गाड़ी से खींचकर वाहन चलाते हैं. कलेक्शन सेंटर पर कचरे के ढेर लग रहे हैं. बारिश में सड़ांध और गंदगी से लोग परेशान हैं. 2018 से चल रहे एग्रीमेंट में प्रति एमटी 1740 रुपये मिलते थे. अब इसे बढ़ाकर 2300 रुपये कर दिया गया है.

# विद्युत ट्रिपिंग को लेकर सब स्टेशन पहुंचे कार्यपालन यंत्री

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, गुणवत्तापूर्ण विद्युत सप्लाई प्रदान करने एवं ट्रिपिंग कम करने के लिये लगातार 11 केवी एवं 33 केवी फीडर की मानीटरिंग की जा रही है.**



गुरूवार को पूर्व संभाग के कार्यपालन अभियंता सुशील कुमार यादव ने 33/11 केवी सब स्टेशन मनगवां का निरीक्षण कर ट्रिपिंग के निदान को लेकर निर्देश दिसे. दरअसल वर्षाकाल शुरू होते ही कई फीडरो में ट्रिपिंग आ रही थी, जिसके कारण मनगवां क्षेत्र के दर्जन भर गांवो में 12 घंटे से अधिक विद्युत सप्लाई ठप्प थी. मनगवां टाउन क्षेत्र में सबसे ज्यादा ट्रिपिंग की समस्या आ रही थी. एमडी ने ट्रिपिंग को कंट्रोल करने के लिये निर्देशित किया था. उसी तारतम्य में कार्यपालन अभियंता सब स्टेशन पहुंचे और निरीक्षण कर फीडर का अवलोकन किया. एई एवं जेई को निर्देशित किया कि किसी भी हाल में ट्रिपिंग न आए. 11 केवी बेलवा, तिवनी एवं मंनगवा शहरी में ट्रिपिंग की अत्यधिक समस्या आ रही थी जिसके नियंत्रित रखने हेतु संबंधित जेई मंनगवा और एई को निर्देशित किया गया है यदि ट्रिपिंग पर कंट्रोल नहीं हुआ तो संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी. आपरेटर पर भी कार्यवाही होगी.

### आवेदन पत्र 30 तक आमंत्रित

**रीवा, 9 जुलाई,** प्राचार्य शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रीवा संभाग रीवा ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य सिविल सेवा परीक्षा/बैंकिंग/रेलवे/एसएससी/बीमा एवं मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल द्वारा आयोजित परीक्षाओं हेतु परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रीवा में नि:शुल्क प्रशिक्षण 20 अगस्त 2026 से प्रारंभ किया जाएगा. आवेदक आवेदन पत्र 30 जुलाई तक जमा कर सकते है.

# छात्रों को लेकर जा रहे आटो चालक पर हमला

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 9 जुलाई, कालेज के छात्रों को लेकर जा रहे आटो पर सरहंगों द्वारा हमला कर दिया गया. चालक सहित चचेरे भाई को लाठी ठंडे से पीटा गया.**

इस दौरान आटो में सवार छात्र जान बचाकर भाग खड़े हुए. अचानक हमला के पीछे असल वजह क्या है स्पष्ट नही हो पाया. चालक ने लूट का भी आरोप लगाया है. आरोप है कि हमलावरों ने आटों की किस्त जमा करने के लिये 10 हजार की जो रकम चालक ने अपने पास रखी थी उसे भी लूट लिया गया है साथ ही उसका मोबाइल भी हमलावर अपने साथ ले गए. फिलहाल घायल आटो चालक को उपचार के लिये संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के करहिया से बोदाबाग रोड़ स्थित बीहर नदी पुल के पास जब आटो चालक आटो लेकर आ रहा था तभी आधा दर्जन की संख्या में सरहंगो ने रास्ता रोक कर हमला कर दिया. घायल विकास पाण्डेय ने बताया कि छात्रों को लेकर जब वह बोदाबाग की तरफ आ रहा था उसी दौरान मारपीट की गई. चचेरा भाई प्रदीप मौजूद था उसके साथ भी सरहंगो ने मारपीट की. आटो में रखा 10 हजार रूपये भी लेकर चले गये है.